नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञाप्ति

दिनांक 15.08.2020

- 74वे स्वंतत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर निगम कार्यालय,शाहजहाँपुर में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज ध्वजारोहण किया गया।

- नगर निगम द्वारा कचरा मुक्त नगर क्षेत्र बनाये जाने का लिया गया संकल्प, जूम एप पर की गयी संगोष्ठी।

- स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 11.8.2020 से 15.08.2020 तक प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है,जिसके कम में आज दिनांक 15.08.2020 को नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

- नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 15.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।

1–74वे स्वंतत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर निगम कार्यालय,शाहजहाँपुर में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद नगर आयुक्त महादेय ने नगर निगम कार्यालय में उपस्थित समस्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिको को सम्बोधित करते हुये 74वे स्वंतत्रंता दिवस की हार्दिक शुभकामनाये दी। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी अपील पर सभी अधिकारीगण,कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिको द्वारा अपने घर का कूड़ा अपने घर में ही निस्तारित करने की शपथ ली गयी। विकेन्द्रीकृत कचरा निस्तारण, के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले, श्री प्रेमपाल सिंह,क्षेत्रीय संयोजक,लोकभारती, तथा श्री संजय उपाध्याय,क्षेत्रीय, लोकभारती एवं वृक्षारोपण तथा निराक्षित गौवंश संरक्षरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले श्री आलोक मिश्रा, प्रान्त व्यवस्थापक लोकभारती कर्मियो को नगर आयुक्त महोदय द्वारा सम्मानित करते हुये प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त, श्रीमती रश्मि भारती, महाप्रबन्धक (जल) श्री0वी0एन0द्विवेदी,मुख्य अभियन्ता(सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान ,नगर स्वास्थ्य अधिकारी,श्री ओ0पी0गौतम,कर्मचारीगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

2. 74वे स्वंतत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा कचरा मुक्त नगर क्षेत्र बनाये जाने के विषय पर जूम एप पर संगोष्ठी की गयी। इस संगोष्ठी में कचरा निस्तारण क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वंसेवी संगठनो,प्रभुत नागरिको के साथ–साथ नगर निगम के अधिकारियो द्वारा प्रतिभग किया गया। श्री प्रेम पाल सिंह क्षेत्रीय संयोजक–लोकभरती द्वारा हरित कचरे का निस्तारण के सम्बन्ध में लोगो को अवगत कराया गया। इस परिचर्चा में डा0 अल्पना श्रीवास्तव,श्री किशोर गुप्ता,श्री नरेन्द्र यादव,श्रीमती ताराना जमाल,श्री प्रेमपाल सिंह,श्री संजय उपाध्याय,श्री आलोक मिश्रा,श्री अनुज़ तिवारी,डा0 नमिता सिंह,डा0 अमित सिंह,डा0 सूर्यभान सिंह हल्दानी, श्री प्रदीप मिश्रा,श्री वी0एन0 द्विवेदी,श्री लोकेश शर्मा,श्री सैफ सिददीकी,श्री भारत बल्लभ गुप्ता,श्री अभि गुप्ता,डा0 हरि भदौरिया,श्री आशीष सिंह आदि के साथ–साथ नगर निगम के अधिकारियो द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियो द्वारा अपने घरो के हरे कचरो को घर में भी निस्तारित करते हुये उपयोगी खाद् तैयार करने का संकल्प लिया गया। घरो में कचरे के निस्तारण के बाद प्रदूषण ने भी कमी आयेगी तथा शहर को साफ–सुथरा बनाये जा सकता है। प्रतिभागियो द्वारा नगर निगम की इस पहल का स्वागत किया गया तथा नगर आयुक्त महोदय से नगर की अन्य समस्याओ एवं कार्यक्रम के सम्बन्ध में भी इसी प्रकार की परिचर्चा आयोजित करने का अनुरोध किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा कचरा निस्तारण की परिचर्चा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो का धन्यवाद् किया गया।

Scanned with CamScanner

3–स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 11.8.2020 से 15.08.2020 तक प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है,जिसके क्रम में आज दिनांक 15.08.2020 को नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त महोदय के दिशा निर्देशो के अनुपालन के साथ ही 74वें स्वंत्रता दिवस के अवसर पर नगर क्षेत्र में साफ–सफाई हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में एवं मलिन बस्तियों मे विशेष रूप से साफ–सफाई करते हुये श्रमदान किया गया। सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये यह कार्य किया गया। विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ में नगर निगम में एन0जी0ओ0,आर0डब्लू0ए0, स्वच्छता समितियों के साथ स्वच्छता शपथ का आयोजन सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का पालन करते हुये किया गया। स्वच्छता और हरे–पड़ोस (ग्रीन नेबरहुड) की भावना से वृक्षारोपड़ एवं साफ–सफाई को शामिल करते हुये अभियान चलाया गया।

4. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 15.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य बृज बिहार कालोनी, बहादुरगंज, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, चमकनी, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, फत्तेपुर, तिलहरजई,. मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर,आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें।इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.08.2020 को **सदर बाजार, खिरनीबाग लोधीपुर** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 15.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Scanned with CamScanner